SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE
Affiliation No. 1130703
PT III 2024-25

GRADE: IV	SUBJECT: HINDI(ANSWER KEY)	DATE: 17.12.2024	TIME: 2HRS	MARKS: 50

खंड अ

प्रश्न१. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

एक दोपहर, सुमन और उसके दोस्तों ने पास के जंगल में घूमने का फैसला किया। उन्होंने अपने साथ खाने के लिए कुछ नाश्ता रखा, अपनी लंबी पैदल यात्रा के लिए जूते पहने, और अपने साहसिक कार्य पर निकल पड़े। जैसे ही उन्होंने जंगल में प्रवेश किया, ऊँचे पेड़ों और पक्षियों की मधुर चहचहाहट ने उनका स्वागत किया। सुमन ने रास्ते में खिले हुए रंग-बिरंगे जंगली फूलों को देखा। अचानक उन्हें सरसराहट की आवाज सुनाई दी। उन्होंने पीछे मुड़कर देखा तो झाड़ियों के बीच से एक हिरण शालीनता से उछल रहा था। उत्साह से, उन सबने अपनी खोज जारी रखी और एक ठंडे पानी के झरने के पास आ गए। उन्होंने अपने पैरों को ठंडे पानी में डुबोया और एक-दूसरे पर चंचलता से छींटे मारे। कुछ देर आराम करने के बाद, वे अपने वन भ्रमण की साहसिक यादों को संजोते हुए और अपने ऊपर गर्व महसूस करते हुए घर वापस आ गए।

१. सुमन और उसके दोस्तों ने कहाँ घूमने का फैसला किया?

क)**जंगल** ख)घर ग)बगीचा घ)खेत

२. दोस्तों ने अपने साथ खाने के लिए क्या रखा?

क)चॉकलेट ख)केक ग)**नाश्ता** घ)खाना

३. सुमन रास्ते में क्या देखा?

क)**रंग-बिरंगे जंगली फूल** ख)किताबें ग)खिलौने घ) फल

४. शालीनता से कौन उछल रहा था

क)शेर ख)बिल्ली ग)**हिरण** घ)कुत्ता

५. सब दोस्त अपने ऊपर क्या महसूस करते हुए घर वापस आ गए?

क)**गर्व** ख)गुस्सा ग)हँसी घ)साहस

प्रश्न२.नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

१. सर्वनाम के ________भेद होते है।

क)पाँच ख)**छह** ग)सात घ)चार

२. क्या आपने खाना खाया है ? सर्वनाम का भेद पहचानो।

क)निजवाचक ख)**प्रश्नवाचक** ग)संबंधवाचक घ)पुरुषवाचक

३. अनिश्चयवाचक सर्वनाम के उदहारण _______है।

क)**कोई, कुछ** ख)हम, मैं ग)कहाँ, कब घ)जो, वो

प्रश्न३.नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

१. विशेषण जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं, वे________कहलाते हैं।

क)सर्वनाम ख)**विशेष्य** ग)विशेषण घ)संज्ञा

२. मेरे पास सुंदर गुड़िया है। (विशेषण का भेद पहचानो।)

क)**गुणवाचक** ख)संख्यावाचक ग)परिमाणवाचक घ)सार्वनामिक

३. परिमाणवाचक विशेषण_____________है।

क)**तीन लीटर दूध** ख)बड़ा वृक्ष ग)चार किताबें घ)ऐसी पाठशाला

प्रश्न४.नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

१. क्रिया के_________भेद होते है।

क)**दो** ख)चार ग)तीन घ)पाँच

२. जिन वाक्यों में कर्म होता है, उन्हें________क्रिया कहते हैं।

क)अकर्मक ख)क्रिया ग)सर्वनाम घ)**सकर्मक**

३. बच्चे किताब पढ़ रहे है। (क्रिया का भेद पहचानो।)

क)**सकर्मक** ख)अकर्मक ग)दोनों घ)इनमें से कोई नहीं

४. अकर्मक क्रिया ______है।(उचित वाक्य पहचानो।)

क)**राम हँसता है।** ख)वह पुस्तक पढ़ रहा है।

ग)सोहन क्रिकेट खेलता है। घ)मीना खाना खा रही है।

खंड ब

प्रश्न५.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कुम्हार मेहनत इसलिए कर रहा था कि उसे आशा थी कि एक दिन वह बड़ा कामयाब इनसान बनेगा। अपनी आशा को पूरा करने के लिए वह नए-नए ,रंग-बिरंगे ,अलग-अलग प्रकार के सुंदर-सुंदर बरतन आदि गढ़ने लगा। पहले-पहल लोगों ने पसंद न किए पर धीरे-धीरे लोग खरीदने लगे। आशा उसी के घर रहने लगी वह स्वयं को फलते-फूलते देख रही थी। खबर राजा तक पहुँची, कुम्हार को बुलाया, पूछा सफलता का राज क्या है? तो कुम्हार बोला आशा। राजा ने अब सोचा कि भूख को भोजन की, प्यास को पानी की और को धरती या बिस्तर की आशा ही तो होती है। आशा के बिना तो कुछ भी नहीं हो सकता। अतः जीवन में आशा का बने रहना आवश्यक है।

१. कुम्हार क्या बना रहा था ?

क)**बरतन** ख)खाना ग)ख़िलौने घ)कपड़े

२. आशा कहा रहने लगी ?

क)घर के बहार ख)**कुम्हार के घर** ग)आँगन में घ)खेतोंमें

३. कुम्हार ने सफलता का राज क्या बताया ?

क)**आशा** ख)मेहनत ग)सब्र घ)काम

४. नींद को किसकी आशा थी ?

क)पानी ख)बिस्तर या रास्ता ग)भूक घ)**धरती या बिस्तर**

५. 'आशा' शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए

क)**भरोसा** ख)नींद ग)कामयाब घ)आवश्यक

प्रश्न६.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

नभ से निर्मलता लूँ
शशि से शीतलता लूँ
धरती से सहनशक्ति
पर्वत से दृढ़ता लूँ
मेरी अभिलाषा है।

१. कवि नभ से क्या लेना चाहता है?

क)प्रकाश ख)**निर्मलता** ग)बारिश घ)बरसात

२. कवि किससे शीतलता लेना चाहते है?

क)सूरज ख)**चाँद** ग)तारे घ)चाँदनी

३. कवि धरती से क्या लेना चाहते है?

क)**सहनशक्ति** ख)दृढ़ता ग)रोशनी घ)शीतलता

४. पर्वत से____________लूँ।

क)हवा ख)नदी ग)**दृढ़ता** घ)पानी

५. धरती शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

क)**पृथ्वी** ख)जल ग)नीर घ)शशि

प्रश्न७.नीचे दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।

१. हम दुनिया का पुराना हाल कैसे मालूम कर सकते हैं?

उत्तर- हम पहाड़, समुद्र, सितारे, नदियाँ, जंगल और जानवरों की पुरानी हड्डियों से दुनिया का पुराना हाल मालूम कर सकते हैं।

२. मुसीबतों के समय हमें किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए?

उत्तर- मुसीबतों के समय हमें घबराना नहीं चाहिए बल्कि आनंदित रहना चाहिए।

३. राजा ने कहाँ पहरे बिठाने को कहा?

उत्तर- राजा ने कुएँ-तालाबों पर पहरे बिठाने को कहा।

४. किसी भी भाषा को सीखने के लिए पहले क्या सीखना जरूरी है?

उत्तर- किसी भी भाषा को सीखने के लिए सबसे पहले उसके अक्षरों को सीखना जरूरी है। केवल तभी हम उस भाषा का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

प्रश्न८.नीचे दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियोंमे में लिखिए।

१. भूख ने स्वयं को बड़ा कहने के पीछे क्या तर्क दिया?

उत्तर- भूख ने यह तर्क दिया कि उसी के कारण घर में चूल्हे जलते हैं, पकवान बनते हैं, थाल सजते हैं। जब वे मुझे थाल सजाकर देते हैं तो मैं खाती हूँ।

२. इस पत्र में नेहरू जी ने क्या संकेत दिया है? उन्होंने क्या बताने की कोशिश की है?

उत्तर- इस पत्र में नेहरू जी ने संसार को एक पुस्तक के समान बताया है। वे यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि संसार रूपी इस पुस्तक से हमें बहुत-सी जानकारियाँ मिल सकती हैं।

३. उपवन की शोभा कैसे बनती है? पाठ के आधार पर लिखिए।

उत्तर- उपवन की शोभा उसमें मौजूद रंग-बिरंगे विभिन्न प्रकार के फूलों से बनती है।

४. फूलों में कौन-कौन-से गुण होते हैं? कवि उन गुणों को लेकर क्या करना चाहता है?

उत्तर- फूल काँटों में खिलते हैं, एक सूत्र में बँधकर गले का हार बनते हैं और उनकी सुगंध सभी के लिए होती है। कवि उन गुणों को लेकर दुनिया को महकाना चाहता है।

खंड क

प्रश्न९.नीचे दिए गए किसी एक विषय पर अनुच्छेद लेखन कीजिये।

i. मेरा प्रिय पकवान

ii. मेरा प्रिय फूल

प्रश्न१०.निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए। **(5M)**

एक गाँव - पीने के पानी की समस्या दूर-दूर से पानी लाना सभी लोग परेशान सभा का आयोजन मिलकर श्रमदान का निर्णय - दूसरे दिन से - केवल एक आदमी काम में जुटना धीरे-धीरे एक-एक का आना सारा गाँव श्रमदान में गाँव के तालाब की सफाई - कीचड़,प्लास्टिक निकालना बिरसात में तालाब का स्वच्छ पानी से भरना।